लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3619
15 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क का निर्यात

3619. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:
श्री कलिकेश एन. सिंह देव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा घरेलू बाजार में आपूर्ति किए जा रहे लौह अयस्क के मूल्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जापान सहित विभिन्न देशों को निर्यात किए जा रहे लौह अयस्क के मूल्यों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निर्यात से वसूल किया गया मूल्य घरेलू बाजार की तुलना में कम है और यदि हां, तो इसके क्या कारण है और इस संबंध में क्या सुधरात्मक कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का घरेलू इस्पात संयंत्रों के हितार्थ 64 प्रतिशत से अधिक लौह तत्व की मात्रा वाले लौह अयस्क पर प्रतिबंध लगाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएमडीसी) घरेलू बाजार में लौह अयस्क की आपूर्ति जिन कीमतों पर कर रहा है, उनका ब्यौरा निम्नवत् है:-

अवधि	घरेलू कीमत (रॉयल्टी, कर और शुल्कों इत्यादि को छोड़कर खान आधार पर रु./टन में)	
	बैला लंप	बैला फाईन्स
वित्तीय वर्ष 2011-12		
तिमाही 1 : अप्रैल' 11 – जून ' 11	4540	2870
तिमाही 2: जुलाई' 11 – सितम्बर' 11	4600	2880
तिमाही 3 : अक्तूबर' 11 – दिसम्बर' 11	5120	3380
तिमाही 4 : जनवरी' 12 – मार्च' 12	4960	2590
वित्तीय वर्ष 2012-13		
तिमाही 1: अप्रैल' 12 – जून ' 12	5480	2800
तिमाही 2: जुलाई' 12 – सितम्बर' 12	6190	3030
अक्तूबर'12	6070	2690
नवम्बर'12	5380	2610
दिसम्बर'12	5380	2610
जनवरी'13	5060	2610
फरवरी'13	5060	2610
मार्च'13	4950	2610
वित्तीय वर्ष 2013-14		
अप्रैल' 13	4600	2610
मई' 13	4600	2610
जून' 13	4600	2610
जुलाई' 13	4400	2510
अगस्त, 13	4200	2510
सितम्बर' 13	4200	2510
अक्तूबर' 13	4300	2610
नवम्बर' 13	4300	2610
दिसम्बर' 13	4500	2810
जनवरी' 14	4500	2810
फरवरी' 14	4500	2910
मार्च' 14	4500	2910
वित्तीय वर्ष 2014-15		
अप्रैल' 14	4500	2910
मई' 14	4300	2910
जून' 14	4600	3160
जुलाई' 14	4600	3160
अगस्त, 14	4600	3160
सितम्बर' 14	4600	3160
अक्तूबर' 14	4600	3160
नवम्बर' 14	4400	3160
दिसम्बर' 14	4200	3060

(ख) : वर्तमान में एनएमडीसी केवल जापान और दक्षिणी कोरिया को लौह अयस्क का निर्यात कर रहा है तथा गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन दोनों देशों को लौह अयस्क का निर्यात जिन कीमतों पर किया जा रहा है, उनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

अवधि	**निर्यात कीमत (अमेरिकी डॉलर/डीएलटी, एफओबी विजाग पोर्ट)**	
	बैला लंप	**बैला फाईन्स**
वित्तीय वर्ष 2011-12		
तिमाही 1 : अप्रैल'11 – जून'11	कोई निर्यात नहीं	कोई निर्यात नहीं
तिमाही 2: जुलाई'11 – सितम्बर'11	कोई निर्यात नहीं	कोई निर्यात नहीं
तिमाही 3: अक्तूबर'11– दिसम्बर'11	कोई निर्यात नहीं	कोई निर्यात नहीं
तिमाही 4: जनवरी'12 – मार्च'12	कोई निर्यात नहीं	कोई निर्यात नहीं
वित्तीय वर्ष 2012-13		
तिमाही 1: अप्रैल'12 – जून'12	146.90	135.20
तिमाही 2: जुलाई'12 – सितम्बर'12	153.60	141.38
तिमाही 3: अक्तूबर'12– दिसम्बर'12	131.93	121.43
तिमाही 4: जनवरी'13 – मार्च'13	116.57	107.30
वित्तीय वर्ष 2013-14		
तिमाही 1: अप्रैल'13 – जून'13	154.78	142.47
तिमाही 2: जुलाई'13 – सितम्बर'13	142.16	130.84
तिमाही 3: अक्तूबर'13 – दिसम्बर'13	133.34	121.90
तिमाही 4: जनवरी'14 – मार्च'14	140.77	126.86
वित्तीय वर्ष 2014-15		
तिमाही 1: अप्रैल'14 – जून'14	136.96	122.43
तिमाही 2: जुलाई'14 – सितम्बर'14	111.96	103.16
तिमाही 3: अक्तूबर'14 – दिसम्बर'14	96.75	88.06

(ग) : निर्यात करारों के तहत बिक्री फ्री ऑन बोर्ड (एफओबी) पोर्ट आधार पर होती है जबकि घरेलू बिक्री फ्री ऑन रेल (एफओआर)/फ्री ऑन ट्रक (एफओटी) खान आधार पर की जाती है और इस प्रकार इन दो प्रकार की कीमतों की प्रत्यक्ष रूप से तुलना नहीं की जा सकती।

(घ) और (ड़): जी नहीं, सरकार ने यह निर्णय लिया है कि यद्यपि लोह अयस्क संसाधनों का संरक्षण करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है, फिर भी इसका संरक्षण लोह अयस्क के निर्यात को प्रतिबंधित अथवा सीमित करके न किया जाए बल्कि इसके लिए उपयुक्त वित्तीय उपायों का सहारा लिया जा सकता है।

***